**सत्र 2023-2024 के लिए पाठयक्रम (कक्षा -IV)**

**विषय - हिंदी**

## शिक्षकों के लिए सुझाव

– खेल आधारित, गतिविधि आधारित व समूह आधारित शिक्षण विधियों का प्रयोग करें। गतिविधियों में विद्यार्थियों को एक दूसरे से सीखने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों।

– भाषा शिक्षण के लिए कक्षा लाइब्रेरी, समाचार-पत्र, वीडियो और आडियो रिकार्डिंग आदि का भी प्रयोग करें । बच्चों को सिर्फ़ किताबों तक ही सीमित ना रखा जाए।

– भाषा के चारों कौशलों (श्रवण कौशल, वाचन कौशल, पठन कौशल और लेखन कौशल) को बराबर महत्व दें। बच्चों को ऐसी गतिविधियाँ करवाई जाएँ जिनसे सभी कौशलों का विकास हो सके।

– जब आप कोई भी पाठ बच्चों को पढ़ा रहे हो तो उसके पाठ के लेखक और प्रयोग की गई साहित्य की विधा के बारे में भी बच्चों को ज़रूर बताएँ।

– व्याकरण भाषा शिक्षण का अभिन्न अंग है व्याकरण बच्चों को रटाया ना जाए। व्याकरण के व्यवहारिक स्वरूप पर अधिक बल दें।

| सत्र 2023-2024 के लिए पाठयक्रम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा -IV | | | | | | |
| विषय - हिंदी | | | | | | |
| **क्रम संख्या** | **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | **सीखने के प्रतिफल** | कक्षा 2 और 3 से पाठ्यक्रम का मिलान | **टिप्पणी ( कौशल)** | **सुझावित गतिविधि** |
| **सत्र 1** | | | | | | |
| 1 | 1 | मन के भोले भाले बादल | दूसरों द्वारा कही जा रही बात को ध्यान से सुनकर<br>अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते और प्रश्न पूछते हैं। | आसपास की आवाज़ों की पहचान बादलों के रंग की पहचान | वाचन व श्रवण कौशल - बादल विषय पर माइंड मैपिंग, विधार्थी वर्षा से जुड़े अपने अनुभव कक्षा में सुनेगी<br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को पाठ से संबंधित कोई पद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए<br>लेखन कौशल-<br>प्राध्यानाध्यापिका को प्रार्थना पत्र (औपचारिक पत्र)<br>चित्र वर्णन<br>व्याकरण- संज्ञा, विशेषण, | विभिन्न प्रकार के बादलों के चित्र बनाना।<br>शब्दों को वर्णमाला के क्रमानुसार लिखना। |
| | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 12 | सुनीता की पहिया कुर्सी | -भाषा की बारीकियों जैसे- शब्दों की पुनरावृत्ति, सर्वनाम, विशेषण, जेंडर, वचन आदि के प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं।<br>-किसी विषय पर लिखते हुए शब्दों के बारीक अंतर को समझते हुए सराहते हैं और शब्दों का उपयुक्त प्रयोग करते हुए लिखते हैं। | मौखिक अभिव्यक्ति, नाम वाले शब्दों की पहचान | वाचन व श्रवण कौशल - पल्स पोलियो अभियान पर चर्चा , बाजार का चित्र वर्णन<br><br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को कोई अपठित गद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए (कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों की मदद लीजिए)<br>लेखन कौशल-<br>अनौपचारिक पत्र (सुनीता_के बारे में पढ़कर तुम्हारे मन में जो सवाल आ रहे होंगे तो वो बनते सुनीता को चिट्ठी लिखकर बताओ)<br>व्याकरण- विराम चिन्ह, सर्वनाम, | सुनीता की कहानी बताते हुए मित्र को पत्र<br>पिकनिक का चित्र वर्णन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | दोस्त की पोशाक | विविध प्रकार की सामग्री (जैसे- समाचार पत्र के मुख्य शीर्षक, बाल पत्रिका आदि) में आये प्राकृतिक, सामाजिक एवं अन्य संवेदनशील वस्तुओं को समझते हैं और उन पर चर्चा करते हैं।<br>अलग-अलग तरह की रचनाओं में आये नए शब्दों को सन्दर्भ में समझकर उनका लेखन में इस्तेमाल करते हैं। | | वाचन व श्रवण कौशल - एक विद्यार्थी मुहावरे पर मूक अभिनय करेगा और बाक़ी विद्यार्थी अनुमान लगाकर मुहावरे बताएँगे।<br><br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को कोई अपठित गद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए (कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों की मदद लीजिए)<br><br>लेखन कौशल-<br>प्रश्न बनाना, मनपसंद पोशाक का चित्र बना कर पाँच वाक्य<br>कहानी लेखन<br>व्याकरण- मुहावरे और नुक्ते वाले शब्द | विभिन्न प्रकार के कपड़ों के नमूने चिपकाना।<br>मुहावरों का अभिनय।<br>मनपसंद पोशाक का चित्र बनाकर रंग भरना।<br>मनपसंद खेल का चित्र बनाकर कुछ वाक्य लिखना। |
| | | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | स्वतत्रंता की ओर | पढ़ने के प्रति उत्सुक रहते हैं और पुस्तक कोना/ पुस्तकालय से अपनी पसंद की किताबों को स्वयं चुनकर पढ़ते हैं। | चरखे के चित्र की पहचान<br>महात्मा गाँधी के चित्र व उनके व्यक्तित्व की पहचान,<br>अनुस्वार एवं अनुनासिक की आवाज़ की पहचान | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u> – रोल प्ले।<br>– स्वतंत्रता सेनानी और उनके बारे में पांच वाक्य बनाओ।<br>पृष्ठ 78, 79 पर गाँधी जी के चित्रों पर कक्षा में चर्चा।<br>व्याकरण – अनुसार और अनुनासिक शब्द<br><u>पठन कौशल-</u> विद्यार्थियों को कोई अपठित गद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न-उत्तर पूछिए (कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों की मदद लीजिए)<br><u>लेखन कौशल-</u>– चरखे का चित्र बनाकर उसके बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखना।<br>– महात्मा गाँधी/ जवाहर लाल नेहरू/ सुभाष चंद्र बोस/लाल बहादुर शास्त्री पर अनुच्छेद।<br>– नमक विषय पर माइंड मैपिंग। | अनुपयोगी वस्तु से किसी नयी वस्तु का निर्माण।<br>महात्मा गाँधी विषय पर अनुच्छेद। |
| **सत्र 2** | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | किरमिच की गेंद | विभिन्न प्रकार के खेलों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं, विभिन्न प्रकार की गेंदों व मौसमों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं । | विभिन्न व्यंजनों की पहचान, कहानी पठन,<br>काम वाले शब्दों की पहचान | वाचन व श्रवण कौशल -– "जब मेरी गेंद खो गई" इस बारे में अनुभव बच्चे कक्षा के साथ साँझा करेगें।<br><br>पठन कौशल-<br><br>– विद्यार्थियों को अपठित गद्यांश पढ़ने के लिए दिए जाएँ और उस पर आधारित सरल प्रश्न पूछे जाएँ। (कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों की मदद लीजिए)<br><br>लेखन कौशल-<br><br>– अपने किसी खिलौने के बारे में बताते हुए पाँच वाक्य<br><br>– पौधों व बेलों पर लगने वाली सब्ज़ियों की सूची बनाना<br><br>व्याकरण- – वाक्यांशों के लिए एक शब्द , पर्यायवाची शब्द (संख्या संबंधी), वाक्यांशों के लिए एक शब्द | पौधों व बेलो पर लगने वाली सब्जियों की सूची बनाओ , नाटक को नया शीर्षक देना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 10 | थप्प रोटी थप्प दाल | पढ़ी रचनाओं की विषय-वस्तु, घटनाओं, चित्रों, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं। प्रश्न पूछते हैं, अपनी राय देते हैं, अपनी बात के लिए तर्क देते हैं। | | वाचन व श्रवण कौशल - – पाठ का अभिनय करना (role play)<br>– रसोई में प्रयोग करने वाले उपकरणों जैसे - मथनी , रई , बिलोनीं पर चर्चा।<br>– पसंदीदा व्यंजन के बारे में बताना<br>पठन कौशल- – विद्यार्थियों को कक्षा लाइब्रेरी में से कोई नाटक पढ़ने के लिए दिया जाएँ और उस पर आधारित सरल प्रश्न पूछे जाएँ।<br>लेखन कौशल-– आवाज़ वाले शब्द लिखना<br>– बच्चों द्वारा खेले जाने वाले खेलों की सूची बनाना।<br>– दी गई कविता को पूरा करना<br>व्याकरण<br>द्वित्व व्यंजन<br>– क्रिया | क्रियाकलाप<br>– बिना आग से रसोई बनाना। जैसे - चाट/सैंडविच<br>बिल्ली का मुखौटा<br>आसपास के जानवरों के पसंदीदा भोजन कि सूची बनाना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 11 | पढ़क्कू की सूझ | स्तरानुसार अन्य विषयों, व्यवसायों, कलाओं आदि (जैसे- गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, नृत्यकला, चिकित्सा आदि) में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली की सराहना करते हैं। | शब्द पठन, विभिन्न शब्दों के अर्थ की जानकारी, शब्दकोष में वृद्धि, श्रुतलेख, हमारे मददगारों की जानकारी | <u>वाचन व श्रवण कौशल -</u><br>विद्यार्थियों को अपठित पद्यांश पढ़ने के लिए दिय जाएँ और उस पर आधारित सरल प्रश्न पूछे जाएँ। (कक्षा लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों की मदद लीजिए)<br>– "घंटी" पर माइंड मैपिंग<br><u>पठन कौशल-</u>— विद्यार्थियों को क्लास लाइब्रेरी में से किसी भी नाटक की किताब पढ़ने को दी जाए और बच्चा उस किताब को पढ़कर अभिनय भी छोटे-छोटे समूहों में करवाया जाए।<br><u>लेखन कौशल-</u> – विद्यार्थियों को 5-6 शब्दों दें और उस पर कविता/कहानी का निर्माण करने के लिए प्रेरित कीजिए<br><u>व्याकरण-</u>— क्रिया<br>– मुहावरे<br>– तुकांत शब्द | कविता पूरी करना<br>घंटी का चित्र बनाकर उसमें रंग भरना<br>वर्ग पहेली में से नाम वाले शब्द खोजना |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | पापा जब बच्चे थे | भाषा की बारीकियों जैसे- शब्दों की पुनरावृत्ति, सर्वनाम, विशेषण,लिंग, वचन आदि के प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं। | नाम वाले शब्द, संज्ञा की पहचान, पोलियो की बीमारी के बारे में जानकारी | वाचन व श्रवण कौशल –- "आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हो" कक्षा को बताए<br><br>– पृष्ठ संख्या 32 पर दी गई कविता "उलझन"<br><br>– विद्यार्थी अपनी खूबियों के बारे में कक्षा को बताएँगे<br><br>– पाठ में बताए गए कर्मचारियों कि सूची बनाना।<br><br>पठन कौशल–- पाठ में से पठित गद्यांश लीजिए और उस पर आधारित प्रश्न पूछे।<br><br>लेखन कौशल–<br><br>अनुच्छेद लेखन - 'आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हो"<br><br>रिश्तों के नाम (पारिवारिक संबंधों के बारे में जानकारी)<br><br>व्याकरण–- सर्वनाम<br><br>– वाक्यांशों के लिए एक शब्द | सुनीता की कहानी बताते हुए मित्र को पत्र लिखना<br>पिकनिक का चित्र वर्णन |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| 9 | 14 | मुफ़्त ही मुफ़्त | स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत लेखन की प्रक्रिया की बेहतर समझ के साथ अपने लेखन को जांचते हैं और लेखन के उद्देश्य और पाठक के अनुसार लेखन में बदलाव करते हैं।<br>विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विराम चिह्नों, जैसे- पूर्ण विराम, अल्प विराम, प्रश्नवाचक चिह्न का सचेत इस्तेमाल करते हैं। | आदर सूचक शब्दों की जानकारी, पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग की जानकारी | वाचन व श्रवण कौशल —<br>- यदि भीखू भाई को आम खाने की इच्छा होती ---- चर्चा कीजिए<br>पठन कौशल- कक्षा लाइब्रेरी से किसी राज्य की लोक कथा बच्चों को पढ़ने के लिए दे , विद्यार्थी इस कहानी को अपने शब्दों में लिखेंगे\|<br>लेखन कौशल— अनुच्छेद लेखन - अपने मित्र के बारे में लिखो<br>भीखू भाई के बारे में अपने शब्दों में लिखो<br>भीखू भाई और नारियल वाले के बीच की बातचीत को अपने शब्दों में लिखे (पेज 123)<br>व्याकरण- लिंग बदलो , सर्वनाम | विभिन्न राज्यों के निवासी व उनकी वेश भूषा |